Amar Ujala

Date: 18/06/2017 **Page No: 08** **Location: Main** **Circulation: 94281**

Edition: Varanasi

Navratna cool oil brand prepared with medicinal properties

नवरत्न ठंडा तेल औषधीय गुणों से तैयार ब्रांड

अमर उजाला ब्यूरो

वाराणसी।

इमामी कंपनी ने बीएचयू के न्यूरोलाजिस्ट के दावे को आधारहीन बताया

भारतीय बाजार की अगुवाई करता है नवरत्न ठंडा तेल

नामी कंपनी इमामी ने नवरत्न ठंडा तेल को औषधीय गुणों से युक्त स्वास्थ्य के लिए लाभदायक बताया है। कंपनी ने बीएचयू के वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट प्रो. विजय नाथ मिश्र के उस दावे को निराधार कहा है , जिसमें उन्होंने इस तेल को हानिकारक बताया था। बीएचयू के न्यूरोलॉजिस्ट ने इस तरह का तर्क देके हुए सिने स्टार अमिताभ बच्चन को ट्वीट कर ठंडे तेल का प्रचार न करने का आग्रह किया था। कंपनी ने उनके इस दावे को आधारहीन बताते हुए कहा है कि ठंडा तेल एक अनूठे ब्रांड के रूप में भारतीय बाजार की अगुवाई करता है।

इमामी कंपनी ने नवरत्न ठंडा तेल के गुणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। कंपनी ने कहा है कि यह भारतीय बाजार का 25 वर्ष पुराना विश्वसनीय ब्रांड है। इसके बारे में नकारात्मक प्रभावों का मिश्रा का अध्ययन बेबुनियाद है। हमारे नवरत्न तेल का निर्माण आयुर्वेदिक विधि से तय मानक के अनुसार जारी लाइसेंस के आधार पर किया जाता है। इस तेल उत्पाद को भ्रिंगराज, शैलजा, आमला, ब्राह्मी, शिकाकाई, पुदीना का फूल, पुदीना का तेल, कॉमफोर औषधियों के मिश्रण से तैयार किया जाता है।

Copyright of the article is with the publication